# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएगें। उनके आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा के कड़े इंतेजाम के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी बदली गयी है।

***प्रधानमंत्री जी के कल आगमन को लेकर के पुलिस ने सिक्योरिटी के पुख्ता इंतजाम किये है।। कई लेयर की सुरक्षा व्यवस्था यहां पर की गयी है। एक तरफ जहां एसपीजी के जवान तैनात रहेंगे, उसके बाद हमारी पुलिस का घेरा रहेगा, जिसमें लगभग पचास आईपीएस अफसर यहां पर लगाये जा रहे हैं और करीब आठ से नौ हजार के आसपास पुलिसकर्मी इसमें तैनात रहेंगे। एटीएस के कमांडोज तैनात रहेंगे, ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी के माध्यम से हम लोग चप्पे–चप्पे की निगरानी करेंगे। ट्रैफिक की इस तरह से व्यवस्था की गयी है कि जो रैली में लोग आ रहे हैं उनको दो सौ मीटर से ज्यादा न चलना पड़े। डायवर्जन भी इस प्रकार से ट्रैफिक के किये गये हैं कि आम नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, कहीं पर ट्रैफिक जाम न हो।***

वहीं प्रधानमंत्री के आगमन के अवसर पर आज नमामी गंगे संस्था ने सिंधियाघाट पर विशेष गंगा आरती के साथ ही घाटों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उधर प्रधानमंत्री के हाथों सम्पूर्णानंद स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के तीसरे चरण के उद्घाटन को लेकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह है। पद्म श्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रशांति सिंह ने कहा कि स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वांचल सहित उत्तर भारत के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर दो हजार बीस में वर्चुअल संवाद के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री से खेलों को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी में स्पोर्टस कॉम्पलेक्स की मांग की थी, जो चार साल के भीतर ही पूरी हो गयी। स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ एक सौ अस्सी बेड का हॉस्टल, एथलेटिक ट्रैक, फुटबॉल और क्रिकेट मैदान के साथ ही लॉन टेनिस कोर्ट की भी सुविधा है।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने आज लखनऊ में दोनों उप मुख्यमंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री और संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उप चुनाव को लेकर रणनीतियां तैयार की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी नौ सीटों पर उपचुनाव जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की। श्री योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दियें।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उप चुनाव को लेकर कल अधिसूचना लागू होने के बाद से ही नामांकन पत्र लिए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज मिर्जापुर जिले के मंझवा विधानसभा क्षेत्र के लिए दस लोगों ने कुल बाइस नामांकन पत्र लिए। नामांकन की अन्तिम तिथि पच्चीस अक्टूबर है जबकि नाम वापसी तीस अक्टूबर तक की जा सकेगी। तेरह नवम्बर को मतदान होगा।

**********

भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज फिर से पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने इस अभियान में शामिल होकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि वे विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य के रूप मे गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पार्टी को मजबूत करेगा, बल्कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने में भी सहायक होगा।

**********

प्रदेश के वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के बजट को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। बजट अनुमानों को तैयार करने के संबंध में वित्त अनुभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। बजट भाषण की तैयारी के लिए विभागों से अधिकतम पांच बिन्दु मांगे गये है। इनमे सरकार की नीतियां, प्राथमिकताएं, फ्लैगशिप योजनाओं, उल्लेखनीय उपलब्धियों और नई योजनाओं का विशेष रूप से उल्लेख करने को कहा गया है।

**********

भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज कानपुर वायु सेना स्टेशन में आयोजित समारोह में वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले एरोबेटिक टीम ने अपने प्रदर्शन से हर किसी को रोमांचित कर दिया। इस दौरान एरोबेटिक टीम के पायलटों ने युद्धाभ्यास भी किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रुप कैप्टन अरूण कुमार जूनेजा सहित भारतीय वायु सेना के कई अधिकारी मौजूद रहें।

**********

सुल्तानपुर में दुर्गा पूजा की अनूठी परंपरा के तहत एक दिन पूर्व शुरू हुई दुर्गा प्रतिमाओं की शोभा यात्रा के बाद आज मूर्ति विसर्जन के साथ पखवारे भर से चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन हो गया। एक सौ पचपन दुर्गा प्रतिमाओं की विशाल शोभा यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह–जगह स्वागत करने के साथ ही पूजा अर्चना की। इस दौरान विभिन्न राज्यों से आये लोक कलाकारों ने शोभा यात्रा में नृत्य और नाट्य प्रस्तुति भी दी।

**********